Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष ३० अंक- ०७ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१-१५ अप्रैल २०२० पृष्ठ ०८ मूल्यः १५ रु.मात्र (रंगीन सहित)




## पूरे देश में 21 दिनों के लॉकडाउन के साथ-साथ प्रधानमंत्री की अपील

## कोरोना-कोई, रोड पर, ना निकले

प.सू.का/नईदिल्ली। कोविड १६ महामारी को फैलने से रोकने के एक उपाय के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में पूर्णतः लॉकडाउन का ऐलान करने के साथ-साथ कोरोना वायरस को रोकने के सोशल डिस्टेंसिंग बनाने का देश वासियों से अपील की। राष्ट्र के नाम अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन देशों के पास सबसे बेहतर मेडिकल सुविधाएं हैं, वो भी वायरस को रोक नहीं सके और इसे कम करने का उपाय केवल सोशल डिस्टेंसिंग, यानी सामाजिक दूरी ही है।

प्रधानमंत्री ने लोगों से देश के अनेक हिस्सों में लॉकडाउन को बहुत गंभीरता से लेने का आग्रह किया। उन्होने ये भी कहा कि कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें देशभर में यह सुनिश्चित कर रही हैं कि नागरिकों को उनके रोजाना के जीवन में ज्यादा असुविधा न हो इसलिए सभी जरूरी सामानों की लगातार आपूर्ति के प्रावधान किए जा रहे हैं। लापरवाही बरतने वाले लोगों को आगाह करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा आपका एक गलत कदम पूरे देश को बहुत बड़े संकट में डाल देगा। उन्होंने भरोसा व्यक्त किया कि प्रत्येक भारतीय न केवल इस मुश्किल परिस्थिति से लड़ेगा बल्कि विजयी भी होगा।

## आवश्यक सामान लोगों तक पहुंचाने को सरकार प्रतिबद्ध: पीयूष गोयल



प.सू.का/नईदिल्ली। ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक उद्योग के हितधारकों के साथ रेल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार दिनाँक २६.०३.२०२० को एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की, जिसमें कोविड-१६ से हुए लॉकडाउन के कारण आने वाली समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की गई। उन्होंने कारोबारियों को आश्वासन दिया कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि आवश्यक सामान सुविधाजनक और सुरक्षित तरीके से लोगों तक पहुंचे। बैठक में स्नैपडील, फ्लिपकार्ट, ग्रोफर्स, नेटमेड्स, फार्मईजी, वन एमजी टेक, उडान, अमेजन इंडिया, बिग बास्केट और जोमाटो जैसी ई-कॉमर्स कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। खुदरा कारोबार करने वाली बड़ी कंपनियों का प्रतिनिधित्व मेट्रो कैश एंड कैरी, वॉलमार्ट और आरपीजी ने किया गया, जबकि एक्सप्रेस इंडस्ट्री काउंसिल, डेलीवरी, सेफ एक्सप्रेस, पेटीए और स्विगी ने लॉजिस्टिक्स सेवाएं देने वाली कंपनियों का प्रतिनिधित्व किया।

## कोविड-19: सीएम योगी आदित्यनाथ ने बनाई टीम ११

### हर तीन दिन मे देगी सरकार को रिपोर्ट



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड -१६ महामारी से निपटने से जुड़े राज्य सरकार के महत्वपूर्ण कार्य के सम्पादन हेतु ११ समितियां गठित की हैं। यह समितियां लॉक डाउन अवधि में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति, मुख्यमंत्री द्वारा दिहाड़ी मजदूरों सहित समाज के अन्य कमजोर वर्गों के लिए घोषित सहायता को लाभार्थियों तक पहुंचाने, लॉक डाउन में आवा-गमन को नियंत्रित करने, मीडिया को सही जानकारी देने, सभी जनपदों में कंट्रोल रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने, चिकित्सा एवं जनमानस को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा जनसामान्य से लगातार संवाद के माध्यम से अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव हेतु कार्ययोजना तैयार करने का कार्य करेंगी। २ मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित कमेटी भारत सरकार एवं अन्य राज्य सरकारों से समन्वय स्थापित करेगी।

समिति यह भी सुनिश्चित करेंगी कि जनमानस को सभी आवश्यक सामग्रियां उचित मूल्य पर ही मिलें।

## जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाने मे जुटी आईआरसीटीसी

प.सू.का/नईदिल्ली। कोरोना वायरस से देश मे आए इन गंभीर परिस्थियों से निपटने के लिए आईआरसीटीसी भी पीछे नहीं है। भारतीय रेलवे द्वारा आईआरसी-टीसी के बेस किचनों के आसपास के स्थानों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को कागज प्लेट के साथ थोक में पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने का फैसला लिया गया था। इसी कड़ी मे दिनांक २६ मार्च २०२० को आईआरसीटीसी द्वारा पूरे देश के जरूरतमंद लोगों के लिए कुल ११,०३० दोपहर के भोजन की आपूर्ति की गई, मांग के आधार पर भोजन तैयार कर रही है, और उपलब्ध करा रही है। आईआरसीटीसी विभिन्न रेलवे जोनों में, आरपीएफ और एनजीओ के साथ एक टीम के रूप में काम करते हुए जरूरतमंद लोगों तक कागज प्लेट के साथ पके हुए भोजन की आपूर्ति कर रही है। जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित करते समय सामाजिक दूरी का ध्यान रखा जा रहा है। आईआरसीटीसी किसी भी संभाव्यता के लिए पूरी तरह से तैयार है और खाद्यान्न, अन्य कच्चे माल का पर्याप्त स्टॉक रखा जा रहा है।

## मानवता का भी धर्म निभा रहे पुलिसकर्मी

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना वाइरस से पूरे देश में लॉकडाउन से लोगों कि परेशानी बढ़ गई हैं, इनमें वो लोग भीं हैं जो रोज खाने के लिए पैसे कमाते हैं। ऐसी स्थिती मे पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी के साथ साथ मानवता का धर्म भी बड़ी बखूबी निभा रहे हैं। कई जगह थानाध्यक्षों ने अपने घर से ही पूड़ी और सब्जी बनवाकर एसे लोगों का पेट भरा है।

# उपराष्ट्रपति ने किया PM & CARE कोष में योगदान करने की अपील



प.सू.का/नईदिल्ली। कोविड १६ संक्रमण से पैदा हुए इस संकट से निपटने के लिए उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने राज्यसभा के सांसदों से सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्र व्यापी अभियान हेतु स्थापित कोष में, अपने सांसद निधि से कम से कम रू १ करोड़ योगदान स्वरूप देने की अपील की है। सांसदों को लिखे अपने पत्र में उपराष्ट्रपति ने कहा है कि कोविड १६ संक्रमण से पैदा हुए इस संकट से निपटने के लिए, सरकार, निजी क्षेत्र तथा नागरिकों द्वारा इस संक्रमण के विरुद्ध अनेक कदम उठाए गए हैं। बड़े पैमाने पर वित्तीय, संसाधनों की आवश्यकता होगी जिसके लिए सरकार विभिन्न तरीकों से जरूरी वित्तीय संसाधन एकत्र कर रही है जिससे केंद्र, राज्य तथा जिला स्तर तक पर्याप्त संसाधनों को उपलब्ध कराया जा सके। उपराष्ट्रपति ने देशवासियों से भी अपील की कि वे आपदा प्रबंधन क्षमता को और सुदृढ़ करने के लिए PM & CARE फंड में उदारतापूर्वक योगदान दें।

# पूर्व राज्यपाल ने एयरपोर्ट से लौटाया बेटे को

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। मुख्य न्यायाधीश और राजस्थान के पूर्व राज्यपाल न्यायमूर्ति अंशुमान सिंह ने लाकडाउन के मद्देनजर सावधानी की मिसाल पेश की है। उन्होंने अपने पुत्र अरुण सिंह को चेन्नई एयरपोर्ट से ही वापस कर दिया, ताकि सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन हो सके। पुत्र अमेरिका से लौट रहे थे। बिजनेसमैन उनके पड़े पुत्र अरुण सिंह मां की तबीयत खराब होने पर उनको देखने आना चाहते थे ।

# मन की बात में बोले पीएम: लॉकडाउन के अलावा कोई विकल्प नहीं, गरीबों से मांगता हूं माफी



प.सू.का/नईदिल्ली। मन की बात की १०वीं कड़ी के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कड़े फैसले लेने के लिए माफी मांगी और कहा कि कोविड-१६ के खिलाफ लड़ाई में कड़े फैसले लेने की आवश्यकता थी। कोरोना वायरस की चेन तोड़ने के लिए देशभर में लॉकडाउन लागू होने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार दिनांक २६.०३.२०२० मन की बात मे कोरोना वायरस और लॉकडाउन को लेकर देश को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देशवासियों को हुई असुविधा, कठिनाई के लिए माफी मांगी और कहा कि मैं आपकी दिक्कतें समझता हूं लेकिन भारत को इस वायरस से जीतने के लिए ये कदम उठाने जरूरी थे। मन की बात मे प्रधानमंत्री ने कुछ डॉक्टरों से भी बात की और उनकी सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोरोना वायरस से लड़ने का कारगर तरीका सिर्फ सामाजिक दूरी है। स्वास्थ्य कर्मचारियों को उन्होंने रीयल लाइफ हीरो बताया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने उन कोरोना संदिग्धों और पीड़ितों के साथ लोगों द्वारा किए जाने वाले भेदभाव पर खेद जताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि, मैं जानता हूं कि कोई कानून नहीं तोड़ना चाहता, लेकिन कुछ लोग ऐसा कर रहे हैं क्योंकि अभी भी वो लोग स्थिति की गंभीरता को नहीं समझे। अगर आप २१ दिनों का यह लॉकडाउन का नियम तोड़ेंगे तो वायरस से बचना मुश्किल होगा।

## अपील

रेल समाचार ब्यूरो सभी देश वासियों से अपील करता है कि, लॉकडाउन का पूरी तरह पालन करें, उचित दूरी बनाए रखें और अति आवश्यक कार्य हेतु ही बाहर निकलें।

- प्रधान संपादक

# कोविड-१६ की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री ने की मीडिया के योगदान की सराहना



प.सू.का/नईदिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देश भर के प्रिंट मीडिया के बीस से अधिक पत्रकारों और हित-धारकों के साथ बातचीत की। दिनांक २४.०३.२०२० को प्रधानमंत्री ने कहा कि मीडिया ने देश के प्रत्येक सुदूरवर्ती इलाकों तक सूचना का प्रसार करने में प्रशंसा योग्य भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री ने मीडिया से राष्ट्रीय और क्षेत्रीय, दोनों स्तरों पर सरकार और जनता के बीच कड़ी का काम करने तथा निरंतर फीडबैक उपलब्धऔ कराने को कहा। उन्होंने सामाजिक दूरी (सोशल डिस्टेंसिंग) के महत्व पर बल देते हुए मीडिया से इसके महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने, राज्यों द्वारा लिए गए लॉक डाउन के फैसले से जनता को अवगत कराने और साथ ही अंतर्राष्ट्रीय आंकड़ों के समावेशन तथा समाचार पत्रों में अन्य, देशों की केस स्टडीज के माध्यम से वायरस के प्रसार के प्रभाव को हाइलाइट करने को कहा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि समाचार पत्र जबरदस्त विश्वस-नीयता रखते हैं और किसी क्षेत्र का स्थानीय पृष्ठ लोगों द्वारा विस्तृत रूप से पढ़ा जाता है। इसलिए यह आवश्यक है कि इस पृष्ठ में प्रकाशित लेखों के माध्यम से कोरोनावायरस के बारे में जागरूकता फैलाई जाए। उन्होंने कहा कि मीडिया का नेटवर्क अखिल भारतीय है और यह शहरों और गांवों में फैला हुआ है। यह मीडिया को इस चुनौती से लड़ने और सूक्ष्म स्तर पर इसके बारे में सही जानकारी फैलाने के लिए अधिक महत्वपूर्ण बनाता है। यह आवश्यक है कि लोगों को इस बात की जानकारी दी जाए कि परीक्षण केंद्र कहाँ हैं, परीक्षण करवाने के लिए किससे संपर्क करना चाहिए और घर के आइसोलेशन प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने प्रिंट मीडिया से संकट की इस घड़ी में गलत सूचना के प्रसार को रोकने की अपील की।

# ड्राइवर, गार्ड कि अब नहीं होगी बायोमीट्रिक हाजिरी

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे और उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने कोरोना वायरस संक्रमण की वजह से सभी लोको पॉयलट और गार्ड की बायोमीट्रिक हाजिरी पर रोक लगा दी है। इसके अलावा महाप्रबंधक ने ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट पर भी अगली सूचना तक के लिए स्थगित कर दिया है। उन्होने कहा है कि रेलकर्मी अपनी स्वेच्छा से यह टेस्ट करवा सकते हैं। महाप्रबंधक ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कहा है कि रेलवे में सामाजिक दूरी और स्वच्छता का प्रोटोकॉल पहले से ही बहुत सख्ती से लागू है। श्वांस परीक्षण टेस्ट पर महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने कहा है कि यह भी वैकल्पिक कर दिया गया है, यदि लॉकडाउन अवधि तक कोई भी चालक दल श्वांस परीक्षण टेस्ट देने के लिए तैयार नहीं है, तो उसे स्व-घोषणा के आधार पर ट्रेन चलाने की अनुमति होगी। परंतु यह उन्हीं चालकों के लिए है, जिनका कोई एल्कोहलिक इतिहास नहीं रहा है।

# अब सभी दुकानदारों को लगानी होगी रेट लिस्ट

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। अब बड़े और छोटे सभी तरह के दुकानदारों को थोक एवं फुटकर दोनों तरह की रेट लिस्ट लगानी होगी। लाकडाउन में आ रही आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी और कालाबाजारी की शिकायतों के बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। यह व्यवस्था ठेलों पर सब्जी, फल आदि बेचने वालों पर भी लागू होगी। डीएम, प्रयागराज की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह तय हुआ कि रेट लिस्ट में दुकानदारों और ठेलों वालों को बताना होगा कि उन्होंने किस भाव पर सामान खरीद व बेंच रहे हैं। इसके साथ ही निजी संस्थाओं में स्टाफ को ३१ मार्च तक वेतन देना भी सुनिश्चित किया जाएगा। दिनांक २७.०३.२०२० को दिन भर चली अलग-अलग बैठकों में कई अहम निर्णय प्रशासन द्वारा लिए गए।

सम्पादकीय

## निर्भया कांड : आक्रोश,आंदोलन और फांसी

याद करिए जरा दिल्ली में १६ दिसंबर २०१२ की वह रात जब चलती बस में दोषियों ने निर्भया के साथ क्रूरता की अति कर दी थी, जिससे हफ्ते भर जूझने के बाद निर्भया कि मौत हो गई थी। निर्भया कांड के बाद देश में जबर्दस्त आक्रोश फैला और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक आंदोलन की शुरुआत हो गई और सरकार पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बने कानूनों को सख्त रूप देने का दबाव बढ़ा और चारों दोषियों ने भी फांसी से बचने के लिए सभी संभव कानूनी विकल्पों का पूरा इस्तेमाल किया और इस मामले में लंबी सुनवाई चली। जिस तरह पिछले सात साल से भी ज्यादा समय से चला आ रहा यह मामला अपने मुकाम तक पहुंचा, उससे न सिर्फ पीड़िता के परिजनों ने बल्कि देश भर के तमाम लोगों ने राहत की सांस ली है, जो इस हादसे के बाद सड़क पर स्त्री की सुरक्षा को लेकर चिंतित थे, लोगों में इस देरी से गुस्सा जरूर था। रेप के मामलों में आज भी २७ फीसदी आरोपियों को ही सजा हो पा रही है। दोषी बड़ी संख्या में छूट जा रहे हैं। पुलिस सबूत जुटाने में अक्षम है जो सुनवाई के दौरान ठोस साबित हों। लेकिन महिलाओं में यह जरूर हुआ है कि वह अपने साथ हुए अत्याचार की सूचना देने सामने आ रही हैं। दरसल हमारे सिस्टम को महिलाओं के मामले में और संवेदन'ील और मुस्तैद बनाने की है। सजा कितनी मिलती है, इससे ज्यादा जरूरी यह है कि सजा कितनी जल्दी मिलती है। न्याय जल्दी होने से ही अपराधियों में खौफ पैदा होगा। आखिरकार निर्भया कांड के चारों दोषी फांसी के फंदे पर चढ़ा दिए गए।

हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन

## कोरोना का खौफ: नहीं चलेंगी १४ अप्रैल तक यात्री ट्रेन

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। प्रधानमंत्री की लाकडाउन घोषणा के बाद रेलवे ने भी ट्रेनों का संचालन १४ अप्रैल तक बंद कर दिया है। रेल यात्री टिकटघर बंद होने से एडवांस बुकिंग भी नहीं करा सकेंगे। अभी तक ट्रेनों को ३१ मार्च तक और आरक्षित टिकट काउंटर २५ मार्च तक बंद थे। जबकि मालगाड़ियों का संचालन पहले की तरह होता रहेगा। बतादें कि जिस तरह ट्रेनों के आरक्षित टिकटों को निरस्त कराने के लिए तीन महीने की छूट दी गई थी, उसी प्रकार मालगाड़ियों से माल की बुकिंग कराने और वैगन बुक कराने के नियम व शर्तो में ढील दी गई है। ताकि व्यापारी जल्दबाजी न करके कोरोना संक्रमण से बचते हुए अपना कार्य पूरा करे।

## अलीगढ़-हरदुआगंज फ्लाईओवर को मिली कैबिनेट की मंजूरी

प.सू.का/नईदिल्ली। रेल मंत्रालय द्वारा अलीगढ़-हरदुआगंज फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शुरू किए जाने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों पर कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने अपनी मंजूरी दे दी है। इस रेलवे फ्लाईओवर की कुल लंबाई २२ किलोमीटर होगी।

यह परियोजना १२८५ करोड़ रुपये से भी अधिक की लागत से वर्ष २०२४-२५ तक पूरी हो जाने की उम्मीद है। अलीगढ़ जंक्शन स्टेशन पर एक ब्रांच रेल लाइन बरेली-अलीगढ़ समाप्त होती है। हावड़ा की ओर से आने वाली और हरदुआगंज/बरेली जाने वाली ट्रेनें हावड़ा-नई दिल्ली मुख्य मार्ग से गुजरती हैं, जो भारतीय रेलवे का सबसे व्यस्त खंड है। भारी यातायात के कारण हावड़ा की ओर से आने वाली और हरदुआगंज/बरेली जाने वाली लोडेड मालगाड़ियों को पार करने के लिए कोई रास्ता उपलब्ध नहीं होता है। इससे अलीगढ़ जंक्शन पर ट्रेनों को काफी देर तक रुकना पड़ जाता है।

यह स्थान एक अवरोध बन गया है और ट्रेनों के परिचालन को बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है जिससे देरी होती है तथा ट्रेनों को काफी देर तक रुकना पड़ता है। यही नहीं, इस वजह से वैगन पर माल चढ़ाना एवं उतारना भी कम होता जा रहा है। अलीगढ़ में फ्लाईओवर का मौजूदा दिल्ली-हावड़ा मुख्य लाइन के ऊपर से गुजरना एक परिचालन अनिवार्यता है और इसके साथ ही यह यातायात में अवरोध को दूर करने के लिए भी आवश्यक है। अलीगढ़ को हरदुआगंज से जोड़ने वाले इस फ्लाईओवर के बन जाने से ट्रेनों के परिचालन में देरी और उनके लंबे ठहराव से बचा जा सकेगा।

राष्ट्रभाषा किसी व्यक्ति या प्रांत की संपत्ति नहीं है, इस पर सारे देश का अधिकार है।
सरदार वल्लभ भाई पटेल

## मण्डलायुक्त ने लिया कोरोना से निपटने के लिए अस्पतालों का जायजा



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। मण्डलायुक्त आर० रमेश कुमार ने कोरोना वायरस से निपटने के लिए अस्पतालों में की गई तैयारियों का जायजा लिया और डाक्टरों तथा सहायक स्टाफ का मनोबल बढ़ाते हुए मानव सेवा के साथ देश सेवा करने के लिए उन्हें प्रेरित भी किया। दिनांक २७.०३.२०२० को उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी के समय सबसे महत्वपूर्ण भूमिका डाक्टरों की है। बेली अस्पताल का निरीक्षण करते हुए कोरोना से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की, आइसोलेशन वार्ड जाकर बेड, तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने रेलवे अस्पताल का निरीक्षण कर वहाँ के चिकित्सा निदेशक डा. विनीत अग्रवाल से तैयार किये गये वार्ड तथा आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी संबंधित स्टाफ को प्रशिक्षण दिलाया जाये तथा मॉकड्रिल कराकर उनकी तैयारियों को परखा जाये। मण्डलायुक्त ने सभी डाक्टरों व सहायक स्टाफ को इस जंग को जीतने का आहवान किया और शुभकामनाएं दी।

## कोविड 19: घरों में अदा हुई जुमे की नमाज

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम के लिए पहली बार मस्जिदों के दरवाजे बंद हुए। लोगों ने घरों में जुमे की नमाज अदा की। शुक्रवार कि जुमे की नमाज प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई थी, अभी तक जामा मस्जिदों में जुमे की नमाज होती रही है। शहर से लेकर गांव तक मस्जिदों के आसपास फोर्स लगाई गई थी। जिले में लाकडाउन के तीसरे दिन शुक्रवार दिनांक २७.०३.२०२० को जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन के माथे पर चिंता की लकीरें थीं। खुद मस्जिदों से भी घरों में जुमे की नमाज अदा करने का ऐलान किया जाता रहा।

## आरपीएफ ने बांटे बिस्कुट और पानी

रे.स.ब्यू./संवा। प्रयागराज जंक्शन के बाहर रेल सुरक्षा बल गरीब एवं बेसहारा लोगों को फल, बिस्कुट और पानी देकर कुछ राहत देने का प्रयास किया। बृहस्पतिवार दिनांक २७.०३.२०२० को इस दौरान आरपीएफ प्रभारी बीपी सिंह की अगुआई में जंक्शन के बाहर रोड पटरी पर रह रहे लोगों को फल, बिस्कुट एवं पानी का वितरण किया और कहा गया कि आगे भी यह अभियान गरीब एवं बेसहारा लोगों के लिए चलाया जाता रहेगा।

## कोरोना से लड़ने को, ग्रामीणों ने लगाया नो-एंट्री का बोर्ड

रे.स.ब्यू./सूत्र. गोरखपुर। कोरोना वायरस का दहशत इस कदर हाबी हो रहा है कि लोगों ने गांव के बाहर नो-एंट्री का बोर्ड लगा दिया है।

साथ ही साथ अपने रिश्तेदारों को भी फोन कर बता दिया गया है कि घर पर न आवें। गांव को जाने वाली सड़क पर लगा नो-एंट्री का बोर्ड लोगों के जागरूकता की कहानी को बयां करने के लिए काफी है। हालत यह है कि गांव को जाने वाली सड़क सुनी पड़ी है। महाराजगंज के परतावल ब्लॉक के नौरंगा टोला की मुख्य सड़क के किनारे एक नो-इंट्री का बोर्ड लगा है। उधर से आने-जाने वाला हर कोई बोर्ड देखकर चौंक जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बाहरी लोगों का गांव में प्रवेश वर्जित रहेगा। इससे काफी हद तक कोरोना वायरस से बचाव होगा।

गांव के शिवदास व राजेश ने बताया कि जब गांव में बाहरी लोगों का प्रवेश नहीं होगा तो सभी लोग संक्रमण से होने से सुरक्षित रहेंगे। जरूरत पडने पर ही गांव के लोग घर बाहर निकलते हैं। गांव को कोरोना के प्रभाव से बचाने के लिए ऐसा किया गया है।

हिन्दी भाषा रेल की भाषा
हिन्दी भाषा देश की भाषा

# लॉकडाउन की अवधि में प्रवासी कामगारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध: अमित शाह



प.सू.का/नईदिल्ली। सरकार लॉकडाउन की अवधि के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार प्रवासी कामगारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है।

यह बात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिनांक २८.०३. २०२० को कोविड-१६ को फैलने से रोकने के लिए देश की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कही।

प्रवासी कामगारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की मोदी सरकार की अभिलाषा के साथ केंद्रीय गृह सचिव ने राज्यों को फिर से पत्र लिखकर लॉकडाउन की अवधि के दौरान अपने गृह राज्यों' को लौट रहे या ऐसा करने का प्रयास कर रहे प्रवासी कामगारों/तीर्थयात्रियों आदि के लिए तत्काल राहत शिविर स्थापित करने का अनुरोध किया है।

राज्यों को राजमार्गों से गुजर रहे लोगों के लिए उनसे सटे क्षेत्रों में राहत शिविर लगाने, साथ ही लॉकडाउन का आदेश जारी रहने तक इन लोगों का राहत शिविरों में रहना सुनिश्चित करने के लिए तम्बू लगाने की भी सलाह दी गई है। लॉकडाउन की अवधि के दौरान गृह मंत्रालय ने समस्त राज्यों को ऐसे राहत उपाय करने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि का उपयोग करने के लिए भी अधिकृत किया है। ये उपाय उन्हें इस समस्यार से निपटने के लिए और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे।

> कोई भी चीज़ इतनी अच्छी नहीं होती जितनी प्रतीत होती है।
>
> जार्ज इलियट

# आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए चौबीस घंटे कार्यरत भारतीय रेलवे

प.सू.का/नईदिल्ली। कोरोना वायरस की महामारी को फैलने से रोकने के लिए भारतीय रेलवे ने १४ अप्रैल २०२० तक देश भर में यात्री ट्रेन सेवाओं का परिचालन बंद कर दिया है। वर्तमान में भारतीय रेलवे देश भर में केवल मालगाड़ियों का ही परिचालन कर रही है। देश भर में लॉकडाउन के दौरान कर्मचारी चौबीसों घंटे अपनी सेवाएं देकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि पूरे देश में कहीं भी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित न हो। मालगाड़ियों के परिचालन के लिए नियंत्रण कक्षों में तैनात भारतीय रेलवे के कर्मचारी, संबंधित विभागों के स्टाफ, रख-रखाव स्टाफ, सुरक्षा कर्मी और रेलवे अस्पतालों के चिकित्सा कर्मचारी निरंतर चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। भारतीय रेलवे चौबीसों घंटे अपनी सेवाएं देकर इस कठिन हालात में अपनी अहम भूमिका को अच्छी तरह से समझ रही है।

# कोविड 19: मरीजों की संख्या १२२५ पार

रे.स.ब्यूरो./संवा. कोरोना वायरस का कहर देश में लगातार बढ़ता जा रहा है। इस वैश्विक महामारी से रविवार दिनांक ०१.०४.२०२० को जम्मू-कश्मीर, गुजरात और महाराष्ट्र में एक-एक लोगों की मौत हो गई, रविवार तक कोरोना से मरने वालों की संख्या पूरे देश में अब २७ हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक दिनांक ०१.०४.२०२० तक देश में मरीजों की संख्या १०४७ हो गई है। इसमें ६५ मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में भर्ती मरीजों की संख्या ६२४ है। वहीं श्रीनगर में सेना का सूबेदार संक्रमित पाया गया है।

# रसायनयुक्त पानी से सैनिटाइज करने पर अखिलेश यादव ने साधा निशाना



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। बरेली में लोगों को सड़क पर बैठाकर और उन्हें सैनिटाइज करने के लिए उन पर केमिकल युक्त पानी की बौछार का इस्तेमाल करने को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है।

वहीं जिलाधिकारी बरेली ने इसे फायर ब्रिगेड और नगर निगम की अतिसक्रियता बताते हुए गलती मानी है। उन्होने कहा है कि प्रभावित लोगों का चीफ मेडिकल ऑफिसर बरेली की देखरेख में इलाज किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि मामले की पड़ताल की जा रही है और जो लोग इससे संबंधित हैं उन लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि ये सभी यात्री दिल्ली से बरेली पहुंचे थे,जिन्हें सैनिटाइज करने के लिए नगर निगम व फायर ब्रिगेड की टीमों ने उन पर केमिकलयुक्त पानी की बौछार कर दी।

# लॉकडाउन में कुत्ते हुए खूंखार

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। लॉकडाउन के दौरान खाना न मिलने कुते खूंखार हो गए हैं। घर से बाहर निकले लोगों को ऐसे आवारा कुते दौड़ाकर काट रहे हैं। दूसरी ओर जिन लोगों को आवारा कुतों ने काटा है, उनके लिए एंटी रैबीज इंजेक्शन का न मिलना भी बड़ी मुसीबत बनी हुई है। लॉकडाउन कि वजह से होटल रेस्टोरेंट आदि बंद होने पर कुतों को खाना नहीं मिल रहा है। आवारा कुतों की संख्या नगर निगम क्षेत्र में करीब ५००० से अधिक आंकी गई है। जानकारों के माने तो भूख से कुते हमलावर हुए हैं।

# निजामुद्दीन मरकज में शामिल तीन लोग मिले लखनऊ में

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। देश भर में कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप के बीच दिल्ली के निजामुद्दीन मरकज की खबर ने हड़कंप मचा दी है। सूत्रों के मुताबिक दिनांक ३१.०३.२०२० मंगलवार को दोपहर लखनऊ के कैसरबाग में मस्जिद पहुंचे पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने एसे ०६ लोगों को गिरफ्तार किया जो निजामुद्दीन मरकज में शामिल होकर लौटे थे।

वहीं प्रदेश में कोरोना संक्रमितों की संख्या सौ से भी ज्यादा हो गई है। दिल्ली के निजामुद्दीन मरकज में शामिल होकर लौटे लोगों में कई लोग लखनऊ भी आए हैं। वहीं प्रशासन द्वारा इनके सैंपल लिए गए हैं। इन्हें अस्पताल में क्वारंटीन के लिए भेजा गया था। पुलिस इनके बारे में सूचना न देने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करेगी।

# जरूरतमंदो को रेलवे ने कराया मुफ्त भोजन



रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा दिनांक ३० मार्च को रेल सुरक्षा बलों के द्वारा १५ विभिन्न स्टेशनों के निकट रह रहे २२२३ जरूरतमंद लोगों को मुफ्त भोजन उपलब्ध कराया गया। इन सभी लोगों के लिए आई.आर. सी.टी.सी. द्वारा भोजन तैयार किया गया। भोजन पकाने एवं इसके `वितरण में गैर सरकारी संगठनों ने भी रेलवे को भरपूर सहयोग दिया। विदित हो कि कोरोना के खिलाफ जंग में रेलवे द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। इस संकट की घड़ी में पूर्व मध्य रेल अपनी जिम्मेवारियों को महसूस करते हुए ऐसे जरूरतमंद लोगों को मुफ्त भोजन उपलब्ध करा रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल मे स्टेशनों के पास रह रहे ११०० जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया। सभी के लिए आई.आर.सी. टी.सी. के बेस किचन में भोजन तैयार किया जा रहा है। इस दौरान सामाजिक दूरी और स्वच्छता संबंधी निर्देशों पर विशेष ख्याल रखा जा रहा है।

# जिलाधिकारी प्रयागराज ने लिया कोरोना से निपटने के लिए बेली अस्पताल का जायजा



सूचना विभाग। जिलाधिकारी प्रयागराज भानुचंद्र गोस्वामी ने बेली अस्पताल पहुंचकर कोरोना से निपटने के लिए की गयी तैयारियों का जायजा लिया। शनिवार दिनांक २८.०३.२०२० को जिलाधिकारी प्रयागराज ने बेली अस्पताल में बने ट्रामासेंटर का निरीक्षण करते हुए वहां मौजूद सुविधाओं की जानकारी ली, जो कमियां दिखाई दी उसे तत्काल दुरूस्त करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए। उन्होंने प्राइवेट वार्डो में मौजूद कमियों को जल्द से जल्द दूर कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को कोरोना जैसी महामारी से लड़ने के लिए २४ घण्टें मांसिक रूप से तैयार रहने को कहा। उन्होंने मेडिकल/पैरा मेडिकल स्टाफ के लिए स्वसुरक्षा संबंधी उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये और कहा कि शिफ्ट वार ड्यूटी लगाकर संबंधित वार्डो को २४ घण्टे संचालित किया जाये।

# रेलकर्मियों द्वारा बनाए जा रहे हैं फेसमास्क तथा सेनिटाइजर

रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। कोरोना वायरस COVID-19 संक्रमण से निपटने के लिए रेलवे कई प्रकार की तैयारियां कर रहा है जिसमें प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से पूर्व मध्य रेल के हजारों रेलकर्मी अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं। इसमें महिला कल्याण संगठनों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है।

बाजार में उपलब्धता तक पूर्व मध्य रेल के कारखानों व इकाइयों में कार्यरत कुछ रेलकर्मियों द्वारा लाइन में कार्यरत रेलकर्मियों के उपयोग हेतु फेसमास्क तथा सेनिटाइजर आदि बनाए जा रहे हैं।

बाजार में मास्क अथवा सेनिटाइजर की अनुपलब्धता के कारण रेलकर्मियों द्वारा निर्मित मास्क और सेनिटाइजर रेल परिवहन को सुचारू बनाए रखने वाले हजारों रेलकर्मियों के लिए लाइफलाइन साबित हो रहा है।

# लाकडाउन से मुक्त हुए किसान, कर सकेंगे कटाई

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कटाई, मड़ाई, बुआई आदि के लिए अब किसानों को नहीं रोका जाएगा। इसके साथ ही किसानो को बीज, खाद, उपकरण, कीटनाशक, आदि की भी कमी नहीं होगी। फसलों की कटाई और मड़ाई शुरू हो गई है, लेकिन कई जिलो में किसानों को इससे रोके जाने की शिकायत हुई थी। हालांकि, खेती के दौरान किसानों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे दूरी से संबंधित सभी निर्देशों का पालन कर रहे हैं। दूसरे जिलों से आने वाले थ्रेशर, तथा अन्य उपकरणों को भी रोक दिया गया था, इसके अलावा बीज, कीटनाशक आदि की दुकानें भी बंद हैं।

लेकिन अब इन्हें भी आवश्यक सेवाओं में शामिल कर लिया गया है। प्रयागराज के डीएम भानुचंद्र गोस्वामी की ओर से इस संबंध में शनिवार दिनांक २८.०३. २०२० को आदेश जारी किया गया।

# लाकडाउनः इलाहाबाद विश्वविद्यालय में २२ अप्रैल तक परीक्षाएं स्थगित

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) और संघटक महाविद्यालयों में स्नातक एवं परास्नातक वार्षिक परीक्षाएं देश में लाकडाउन के मद्देनजर २२ अप्रैल तक स्थगित कर दी गई हैं। शनिवार दिनांक २८.०३.२०२० को इविवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. रामेंद्र सिंह ने इस बाबत आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए।

प्रो. सिंह के अनुसार इस बारे में अगली सूचना सरकार की तरफ से जारी होने वाली एडवायजरी के अनुसार जारी की जाएगी। उन्होने कहा है की इसके लिए छात्र-छात्राएं नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखते रहें। बतादें कि इविवि में एक मई तक परीक्षाएं समाप्त होनी थीं।

# कोविड-19: रेलवे ने दिया टिकट कैंसिल के नियमों में ढील

प.सू.का/नईदिल्ली। रेलवे द्वारा पीआरएस काउंटर वाले टिकटों के रिफंड के नियमों में छूट प्रदान की गई है, जिससे कि रेल यात्रियों को भीड़भाड़ वाले स्थानों में जाने से बचाया जाए साथ ही रेल यात्रियों के लिए टिकट वापसी की सुविधा को और सुविधाजनक बनाया जाए। सभी नियम ई-टिकट के लिए समान रूप से लागू हैं क्योंकि यात्री को टिकट वापसी करने के लिए स्टेशन आने की आवश्यकता नहीं है। यह छूट ३ महीने की यात्रा अवधि के लिए प्रदान की गई है यानि २१ मार्च से लेकर २१ जून २०२० तक के लिए। पीआरएस काउंटर वाले टिकटों के लिए रिफंड नियमों में दी गई छूट इस प्रकार हैः यात्रा की अवधि २१ मार्च से लेकर २१ जून २०२० तक रेलवे द्वारा रद्द की गई ट्रेनों के लिए, यात्रा की तारीख से ३ महीनों तक टिकट जमा करने पर काउंटर से रिफंड प्राप्त किया जा सकता है। जबकि वर्तमान नियम यात्रा के दिन को छोड़कर ३ दिन/ ७२ घंटे हैं वायरस के फैलाव को रोकने के लिए, यात्रियों को इन सुविधाओं का लाभ उठाने और रेलवे स्टेशनों पर आने से बचने की सलाह दी जाती है। रेलवे द्वारा यात्रियों को सलाह दिया गया है कि वे गैर जरूरी यात्रा करने और ट्रेनों या रिफंड काउंटरों की भीड़ से बचें क्योंकि इससे कोरोना वायरस फैलने की संभावना को केवल बढ़ावा ही मिलेगा।

# फतेहपुर में खुला मिला मदरसा

रे.स.ब्यू./सूत्र। फतेहपुर जिले में बिंदकी के जहानपुर मोहल्ला में एक मदरसा दिनांक २५.०३.२०२० को खुला पाया गया। जहां पर शिक्षण कार्य चल रहा था। जिसकी जानकारी होने पर एसडीएम प्रह्लाद सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे, जहां तीन शिक्षकों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की गई, उन्होंने कहा कि जब पूरा देश लॉकडाउन है ऐसी स्थिति में मदरसे में शिक्षण कार्य कैसे हो रहा है।

# कर्फ्यू लगाने को स्वतंत्र हैं डीएमः मुख्य सचिव

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी ने जिलों में लॉकडाउन के दौरान घोषित प्रतिबंधों का सख्ती से पालन कराने का जिला प्रशासन को निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी ने अब पांच की जगह २ व्यक्तियों से अधिक लोगों को एक स्थान पर न रुकने देने और भीड़ रोकने के लिए आव'यक होने पर पुलिस आयुक्तों और जिलाधिकारियों को कर्फ्यू लगाने का निर्देशित किया है।

इसके लिए मुख्य सचिव ने सभी मंडल आयुक्त व पुलिस आयुक्त व जिलाधिकारियों व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। सभी जिलों में लॉकडाउन का कड़ाई से पालन किया जाए और किसी भी स्थान पर दो से अधिक व्यक्तियों को इकट्ठा ना होने दिया जाए।

# अब रेलवे में एकल पिता को भी चाइल्ड केयर लीव

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। नन्हे-मुन्नों की देखभाल के लिए रेलवे में कार्यरत एकल पिता को भी अब अप्रैल से चाइल्ड केयर लीव मिलेगी। रेलमंत्री पीयूष गोयल ने दिनांक २०.०३.२०२० शुक्रवार को राज्यसभा में बताया कि सरकार ने लैंगिक समानता और न्याय को बढ़ावा देने के लिए यह फैसला लिया है। रेलमंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि सरकार की नीति के तहत अब रेलवे में एकल पिता को बच्चे की देखभाल के लिए दो वर्ष का अवकाश मिल सकता है। जिसका रेलकर्मी अप्रैल से इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। अभी तक रेलवे महिला कर्मचारीयों को बच्चे के जन्म के समय या १८ वर्ष तक के अपने नाबालिग बच्चों की देखभाल के लिए दो वर्ष की चाइल्ड केयर लीव देता है। इसमें कर्मी को एक साल तक पूरा वेतन मिलता है और अगले एक साल ८० फीसदी वेतन मिलता है।

# कोरोनाः नवरात्री पर मंदिरों के कपाट बंद

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना वायरस को देखते हुए नवरात्रे पर प्रयागराज में सभी मंदिरों के कपाट बंद कर दिये गए थे, और मंदिर ट्रस्ट से जुड़े लोगों ने श्रद्धालुओं से अपील भी की कि वह घर से ही माँ कि आराधन करें।

जीरो रोड़ स्थित प्राचीन हाटकेश्वर नाथ मंदिर में बुधवार को गुजराती समाज की देवी मां अम्बे का श्रृंगार तथा दर्शन-पूजन पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इसके साथ ही सभी कार्यक्रम भी रद्द कर दिये गए। मंदिर ट्रस्ट से जुड़ी प्रज्ञा नागर एवं सुधा ने बताया कि इस वर्ष महिलाओं की ओर से आयोजित भजन एवं गरबा गुजराती नृत्य नहीं होंगे।

उन्होने अपील किया किया कि पूजा घर में ही रह कर करें और इस महामारी के प्रकोप से मुक्ति दिलाने के लिए मां से प्रार्थना करें।

# लाकडाउन का उल्लंघन करने पर कांग्रेस नेता गिरफ्तार

रे.स.ब्यू./सूत्र. मुरादाबाद। अमरोहा लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे सचिन चौधरी और उनके साथियों को लाकडाउन के नियमों को तोड़ने के आरोप में शनिवार दिनांक २८.०३.२०२० को देर रात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने उन पर शराब पीकर हंगामा करने का भी आरोप लगाया है, हालांकि चिकित्सीय परीक्षण में इसकी पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने उन पर लाकडाउन का उल्लंघन करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज किया और बाद में उन्हें थाने से जमानत पर छोड़ दिया गया। सूत्रों ने बताया कि सचिन चौधरी के मुताबिक शनिवार देर रात हाइवे पर जीरो प्वाइंट के पास भारी भीड़ जमा थी, जिसे देख कर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने जब भीड़ खत्म करने को कहा तो हंगामा शुरू हो गया। पुलिस ने आरोप लगाया की कांग्रेसी नेता ने शराब के नशे में पुलिस से अभद्रता करनी शुरू कर दी।


# ओपीडी बंद होने से मरीज हुए परेशान

रे.स.ब्यो./संवा. प्रयागराज। लॉकडाउन की वजह से सामान्य बीमारी जुकाम, बुखार का उपचार कराना मुश्किल हो गया है। पेट, गला, नाक, कान, हड्डी के होने वाले ऑपरेशन बंद कर दिए गए हैं। लॉक डाउन के बाद सरकारी अस्पतालों के साथ निजी अस्पतालों के चिकित्सकों ने ओपीडी बंद कर रखी है। इससे लोगों का उपचार कराना मुश्किल हो गया है। आपरेशन को भी टाल दिए गए हैं। हालांकि सरकारी और निजी अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाओं को बहाल रखा गया हैं। सरकारी अस्पतालों को तो कोरोना का अस्पताल बना दिया गया है। ऐसे में सामान्य मरीजों की परेशानी बढ़ी है और जांच रिपोर्ट भी नहीं मिल पा रही है।

# मुनाफाखोरी में कारोबारी गिरफ्तार

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। लॉकडाउन के दौरान मजबूरियों का फायदा उठाकर मुनाफाखोरी में जुटे प्रयागराज के व्यापारियों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार दिनांक २८.०३.२०२० को सुबह मुंडेरा मंडी में छापा मारकर पुलिस ने मुनाफाखोरी कर रहे ६ कारोबारियों को गिरफ्तार किया। ये व्यापारी मनमाने तरीके से फुटकर में सब्जियां बेच रहे थे। धूमनगंज थाने में इन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं लॉकडाउन में हर तरफ पुलिस के गश्त होने के बावजूद चोरी छुपे शराब की आपूर्ति का भी मामला सामने आया है। पिछले चार दिनों में कीडगंज और धूमनगंज थाना क्षेत्र में इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं जिसके बाद पुलिस अफसरों ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि अगर कहीं भी शराब की आपूर्ति होती मिली तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री और कद्दावर नेता बेनी प्रसाद वर्मा का निधन



रे.स.ब्यू./सूत्र. बाराबंकी। लंबे समय से बीमार चल रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा का मेंदाता अस्पताल लखनऊ में दिनांक २७.०३.२०२० शुक्रवार की देर शाम निधन हो गया। उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए शनिवार की सुबह उनके आवास पर लोगों का आना शुरू हो गया था। दोपहर में मोहनलाल डिग्री कॉलेज परिसर में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र राकेश वर्मा ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान जिले के सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से उन्हें विदा किया। श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, सांसद उपेंद्र रावत, जिले के सभी दलों के विधायक और डीएम श्रद्धासुमन अर्पित करने उनके आवास पहुंचे थे। अंतिम दर्शन में भी कोरोना का असर दिखाई पड़ा और लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग के जरिए एक-एक कर जाने दिया गया। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप, पूर्व सांसद रामगोपाल रावत, आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रयाग संगीत समिति भी १४ अप्रैल तक बंद

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। पूरे देश में लाक डाउन और कोरोना वायरस के प्रकोप के कारण अखिल भारतीय संस्था प्रयाग संगीत समिति को भी १४ अप्रैल तक के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। समिति के सचिव अरुण कुमार ने लोगों से अपील कि की जब तक बहुत जरूरी न हों तब तक लोग घरों से न निकलें।

उन्होंने यह भी कहा कि लाक डाउन कि अवधि में किसी भी कर्मचारी का वेतन नहीं काटा जाएगा।

# नजीर: शैंपू खत्म होने पर पिता-पुत्र ने कराया मुंडन

रे.स.ब्यू./सूत्र. आगरा। कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए संपूर्ण देश में लाकडाउन है। वहां कुछ लोग इसका उल्लंघन करने से बाज नहीं आ रहे हैं, वहीं एक परिवार लोगों को जागरूक भी कर रहा है।

आगरा के रवि कुमार जिनका लाकडाउन में शैंपू खत्म हो गया तो उन्होंने अपना और बेटे का मुंडन करा लिया। ताकि ना ही बाल कटाने के लिए घर से बाहर जाना पड़े और ना ही शैंपू की जरूरत पड़े, और तो और मुंडन भी किसी और ने नहीं, बल्कि उनकी पत्नी ने किया। रवि कुमार प्रजापति एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। इसके अलावा लोगों घर के बाहर पोस्टर चिपका कर जागरूक भी कर रहे हैं। और लोगों से अपील कर रहे हैं की १४ अप्रैल तक अपने घर से निकलने की मूर्खता ना करें।

रवि ने अपनी मां को भी दिल्ली से नहीं आने दिया है। वो दिल्ली में अपने बड़े बेटे के साथ रह रही हैं।

# मालवाहक विमानों से की जा रही है चिकित्सा सामग्रियों की आपूर्ति

प.सू.का/नईदिल्ली। नागरिक उड्डयन मंत्रालय कोविड-१६ से बचाव और उसकी जांच से जुड़े आवश्यक चिकित्सा उपकरणों और संबंधित आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में मालवाहक विमानों की उड़ानें संचालित कर रहा है। मंत्रालय इसके लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय कर रहा है। विभिन्न राज्यों की ओर से तत्काल जरूरत की मांग के आधार पर, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी आवश्यक सामग्रियों के लिए आपूर्ति एजेंसियों के साथ भी समन्वय कर रहे हैं, ताकि ऐसी सामग्रियों को उनके गंतव्यों तक आगे पहुँचाया जा सके।

देश के पूर्वी और उत्तर पूर्वी हिस्सों में आपूर्ति के लिए, एलायंस एयर की एक उड़ान गुवाहाटी, डिब्रूगढ़ और अगरतला के लिए आवश्यक चिकित्सा सामग्रियां लेकर २६ मार्च, २०२० को दिल्ली से कोलकाता गई। देश के उत्तरी क्षेत्र में आपूर्ति के लिए भारतीय वायुसेना के एक मालवाहक विमान के जरिए आईसीएमआर के वीटीएम किट और अन्य आवश्यक सामग्रियां दिल्ली से चंडीगढ़ और लेह भेजी गई। पुणे से दिल्ली लाए गए आईसीएमआर किटों कों (मुंबई -दिल्ली-हैदराबाद-चेन्नई-मुंबई और हैदराबाद - कोयम्बटूर) - के मार्गों पर संचालित उड़ानों के जरिए शिमला, ऋशिकेश, लखनऊ और इम्फाल पहुंचाया जा रहा है। ताकि कोविड-१६ से निपटने के प्रयासों को और सशक्त बनाया जा सके और इनके लिए आवश्यक मदद दी जा सके।

# पार्सल ट्रेनों द्वारा आवश्यक वस्तुओं के परिवहन की सुविधा

रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के मद्देनजर लाक डाउन के दौरान आवश्यक वस्तुओं जैसे खाद्य सामग्री, दवाएं, चिकित्सा आपूर्ति, आदि की उपलब्धता को सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस विषम परिस्थिति में वस्तुओं की कमी की कठिनाइयों को बहुत हद तक कम करने हेतु रेलवे के पार्सल ट्रेनों द्वारा परिवहन करने का निर्णय दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा लिया गया है। इन वस्तुओं का पार्सल ट्रेनों के माध्यम से परिवहन की मांग एवं आवश्यकता हेतु इच्छुक पार्टियां दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों मंडलो बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर के पार्सल कार्यालयों में संपर्क कर अपना इंडेंट रजिस्टर कर सकते है।

# कोविड -19 से निपटने के लिए छावनी बोर्डो ने की तैयारी

प.सू.का/नईदिल्ली। देश के १६ राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित बासठ छावनी बोर्डो ने कोरोना वायरस-कोविड १६ महामारी की चुनौती से निबटने की तैयारी शुरू कर दी है। इन छावनी बोर्डो की कुल आबादी (सेना और नागरिकों सहित) २१ लाख है। सभी छावनी बोर्डो को निर्देश दिए गए हैं कि वे किसी भी आपात स्थिति से निबटने के लिए पहले से ही अस्पतालों/स्वास्थ्य केंद्रों और गेस्ट हाउसों में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की पहचान करके रखें। छावनी बोर्डो के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नागरिक प्रशासन के अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क में हैं और आवश्यकता के अनुरूप सहायता प्रदान कर रहे हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी सभी परामर्शों का छावनी बोर्डो द्वारा कड़ाई से पालन किया जा रहा है।

सभी छावनी कार्यालयों के भवनों, आवासीय क्षेत्रों, स्कूल परिसर, पुस्तकालयों, पार्को और बाजारों को नियमित रूप से संक्रमण मुक्त किया जा रहा है।

# Transportation of essential commodities to various p arts of the country by Indian Railways



PIB/New Delhi : While the country is completely locked down due to the pandemic of Coronavirus, Indian Railways continues to work round the clock to ensure availab ility of essential commodities through its uninterrupted freight services. On 28th March 2020, total 695 rakes/ 35942 wagons were loaded out of which 442 rakes/24412 wagons were loaded for essential commodities (One wagon contains 58-60 ton consignment). This includes 54 rakes/2405 wagons of foodgrains, 3 rakes/126 wagons of sugar, 1 rake/42 wagons of salt, 1 rake/50 wagons of edible oil, 356 rakes/20519 wagons of coal, and 27 rakes/1270 wagons of petroleum products. On 29th March 2020, total 684 rakes/ 35319 wagons were loaded out of which 437 rakes/24202 wagons were loaded for essential commodities. This includes 40 rakes/1727 wagons of food grains, 5 rakes/210 wagons of sugar, 1 rake/42 wagons of salt, 1 rake/42 wagons of edible oil, 363 rakes/20904 wagons of coal, and 27 rakes/1277 wagons of petroleum products. It may be noted that Ministry of Home Affairs has allowed movement of goods across the country to ensure that supply chain keeps fully operational. Ministry of Railways and MHA officials are in constant touch with State Governments to sort out operational issues to ensure smooth handling at terminals.

# सीएम केजरीवाल ने की अपील, कोई न जाए दिल्ली छोड़कर

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली से जा रहे दैनिक मजदूरों और अन्य लोगों से अपील की है कि, वह दिल्ली छोड़कर न जायें। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार उनके रहने और खाने का इंतजाम कर रही है। उपराज्यपाल अनिल बैजल के साथ उच्च स्तरीय बैठक के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि ३२५ स्कूलों में सरकार दोपहर व शाम का खाना बंटवाएगी। वहीं मुख्यमंत्री ने बताया कि विधायकों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में भूखों को खाना खिलाने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें सुनिश्चित करना है कि कोई मजदूर या गरीब भूखा न सोए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में यूपी और बिहार के लोग भी रह रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की सीमाओं में जो लोग हैं, उन सभी लोगों की जिम्मेदारी दिल्ली सरकार की है। उन्होने कहा कि एक-दो दिन कुछ दिक्कतें आई थी, लेकिन अब किसी को खाने की दिक्कत नहीं होने देंगे।



## सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर.यू.सी.सी.सदस्य

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867

# पूर्वोत्तर रेलवे उपयोगी वस्तुओं की करेगा ढुलाई

रे.स.ब्यू./सूत्र. लॉकडाउन के मद्देनजर पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने तीनों मंडल वाराणसी, इज्जतनगर और लखनऊ के बीच जीवन उपयोगी वस्तुओं की ढुलाई के लिए पार्सल वैन चलाने का निर्णय लिया है। वाराणसी के पीआरओ अशोक कुमार ने बताया कि ल,कडाउन में यात्री ट्रेनों का परिचालन बंद है लेकिन माल ढुलाई के लिए माल गाड़ियों का संचालन कराया जा रहा है। लोगों के समक्ष खाने-पीने के सामानों को लेकर हो रही समस्या का समाधान कराने के लिए परिवहन करेंगी। इसके लिए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय से व्यवसायी संपर्क कर माल ढुलाई के लिए पार्सल ट्रेनों की बुकिंग करा सकते हैं।

# केंद्र सरकार का निर्देश लॉकडाउन का उल्लंघन करने वालों को रखा जाए १४ दिन क्वारंटाइन में

प.सू.का/नईदिल्ली। कोरोना वायरस को लेकर कैबिनेट सचिव और गृह मंत्रालय राज्यों के मुख्य सचिवों एवं पुलिस महानिदेशकों के साथ निरंतर संपर्क में हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए यह बात रेखांकित की गई हैं कि सामान्यात सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दिशा-निर्देशों पर प्रभावकारी ढंग से अमल किया गया है। आवश्यक आपूर्ति भी निरंतर सुनिश्चित की जा रही है। पूरी स्थिति पर चौबीसों घंटे पैनी नजर रखी जा रही है और मौजूदा हालात के अनुसार आवश्यक उपाय भी किए जा रहे हैं। हालांकि, देश के कुछ हिस्सों में प्रवासी श्रमिकों की आवाजाही हुई है।

राज्यों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था कि शहरों या राजमार्गों पर लोगों की कुछ भी आवाजाही नही होनी चाहिए। केवल माल की आवाजाही की ही अनुमति दी जानी चाहिए। डीएम अधिनियम के तहत जारी किए गए इन निर्देशों पर अमल के लिए जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को व्यक्तिगत रूप से जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। जिन लोगों ने लॉकडाउन का उल्लंघन किया है और लॉकडाउन की अवधि के दौरान यात्रा की है, उन्हें सरकारी क्वारंटाइन केंद्रों में न्यूनतम १४ दिन क्वारंटाइन में रखा जाएगा। क्वारंटाइन के दौरान इन व्यक्तियों की निगरानी करने के लिए राज्यों को विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं।

# बिना विदाई समारोह के रिटायर हुए 57 रेलकर्मी

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। लाकडाउन के मद्देनजर रेलवे में पहली बार मार्च में रेल से रिटायर हुए कर्मचारियों का विदाई समारोह नहीं किया गया। एनसीआर के प्रयागराज मंडल से कुल ५७ रेलकर्मी ३१ मार्च को सेवानिवृत्त हुए। सेवा माह के आखरी दिन परंपरा रही है कि वरिष्ठ अधिकारी की मौजूदगी में विदाई समारोह होता है। कर्मचारी भले ही किसी भी जिले में रेल सेवा पूरी की हो लेकिन आखिरी कार्य दिवस पर उसे डीआरएम ऑफिस में बुलाया जाता है। यहां उसका समापन भुगतान एवं गोल्ड प्लेटेड मेडल भी दिया जाता है। इस बार लाकडाउन की वजह से यह समारोह नहीं किया गया। पीआरओ ने बताया कि यह पहला मौका है, कि डीआरएम ऑफिस में ३१ मार्च को कोई विदाई समारोह नहीं हुआ। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समापन भुगतान की जानकारी ईमेल और व्हाट्सएप के माध्यम से दी गई।

# अब सभी केंद्रीय कर्मियों का इलाज करेगा रेलवे अस्पताल

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। कोरोना वायरस को जड़ से खत्म करने के लिए रेलवे ने भी ठान ली है। इसी कड़ी में बड़ा फैसला लेते हुए यह निर्णय लिया गया है कि अब केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए रेलवे के अस्पताल खोल दिए गए हैं। साथ ही रेलवे ने अपने सभी बड़े अस्पतालों में कोरोना वायरस के शिकार लोगों के इलाज के लिए भी अलग से व्यवस्था की है। कोरोना वायरस संक्रमण रोकने के लिए रेलवे भी योगदान दे रहा है। इस बाबत रेल मंत्रालय ने अपने सभी अस्पतालों को एडवाइजरी जारी कर दी है,कि वह केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों का इलाज करें। बतादें कि देशभर में रेलवे के अपने खुद के १२६ अस्पताल और ५८६ डिस्पेंसरी हैं। अभी तह इन अस्पतालों में सिर्फ रेलवेकर्मियों को ही इलाज की सुविधा थी। कोरोना वायरस को जड़ से खत्म करने के बाद पुरानी व्यवस्था फिर से लागू हो जाएगी। उधर, रेलवे ट्रेनों को भी आइसोलेटेड वार्ड की तरह बना रहा है, ताकि लोगों को क्वारंटीन किया जा सके।

# संस्थाए अनुमति लेकर ही बांटे भोजन, वर्ना होगी कार्रवाई

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। भोजन और आवश्यक सामानों का वितरण करने वाली संस्थाओं और समाजसेवियों के लिए पुलिस ने गाइड लाइन जारी की है, कि अपने क्षेत्र के थाने की अनुमति लेकर ही राहत सामग्री बांटने निकलें। यही नहीं वितरण का समय भी दोपहर १२ से दो बजे तक ही है। इस बाबत एसपी सिटी ने दिनांक ३०.०३.२०२० सोमवार को प्रेस नोट जारी कर दिया है। वितरण तिथि से एक दिन पहले कितना खाना व खाद्य सामग्री का वितरण करना है, इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक नगर कार्यालय हेल्पलाइन नं० 9454701045 व 8299229797 पर देनी होगी। यही नहीं भोजन का वितरण अपने थाना/चौकी क्षेत्र मे ही करना होगा। भोजन वितरण करने वाले के पास मास्क, हैंड ग्लब्स, सेनिटाइजर होना अनिवार्य है।

# लॉकडाउन को आगे बड़ाने कि कोई योजना नहीं-राजीव गौबा

प.सू.का/नईदिल्ली। कोरोना वायरस (कोविड-19) के बढ़ते प्रसार को रोकने के लिए देश भर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने २१ दिनों के लॉकडाउन को लागू किया है। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि इसकी समयसीमा और बढ़ सकती है। जिसपर कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने कहा है कि, २१ दिनों की लॉकडाउन अवधि को बढ़ाने की सरकार की कोई योजना नहीं है, और रिपोर्ट्स पर हैरानी जताई। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने ट्वीट के माध्यम से बताया कि कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने मीडिया में आ रही उन खबरों का खंडन किया है जिनमें कहा जा रहा है कि सरकार बंद को आगे बढ़ा सकती है। पीआईबी ने कहा, मीडिया में आ रही अफवाहों में दावा किया जा रहा है कि सरकार २१ दिन के बंद की अवधि खत्म होने के बाद इसे और बढ़ा सकती है। कैबिनेट सचिव ने कहा है कि ये खबरें निराधार हैं।



# नोएडा में कोरोना पर लगाम लगाने को, डीएम सुहास एलवाई को मिली जिम्मेदारी



रे.स.ब्यू./सूत्र.गौतमबुद्ध नगर। कोरोना वायरस के संक्रमितों की संख्या नोएडा में लगातार बढ़ रही है, जो प्रदेश सरकार के लिए चिंता का सबब बन चुका है। इसी बीच उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव आरके तिवारी ने सोमवार दिनांक ३०.०३.२०२० कि शाम को कहा कि गौतमबुद्धनगर जिलाधिकारी बृजेश नारायण सिंह का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण किया गया है और उनके खिलाफ विभागीय जांच की जाएगी। मीडिया के मुताबिक सीएम योगी नोएडा की व्यवस्था से खासे नाराज थे। इसके पीछे नोएडा में कोरोना वायरस के बढ़ते मामले थे। सीएम ने इसे गंभीरता से लेते हुए सोमवार को विमान से यहां का दौरा भी किया था।

अब नोएडा को कोरोना से बचाने के लिए वर्ष २००७ बैच के आईएएस अधिकारी सुहास लालिनाकेरे यथिराज को जिम्मेदारी सौंपी गई है। यूपी सरकार ने उन्हें गौतमबुद्ध नगर जिले का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया है। बतादें कि सुहास एलवाई प्रयागराज के भी जिलाधिकारी रह चुके हैं।


**Heartline**

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

**हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल**

14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष

24 घण्टे सेवा उपलब्ध



मैक्स साकेत

**कैंसर को कड़ी टक्कर देने में सक्षम,**

मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ़ कैंसर केयर, साकेत, दिल्ली।



मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ़ कैंसर केयर, साकेत में उपलब्ध है 80+ अनुभवी और जाने–माने कैंसर विशेषज्ञ, जो विश्वस्तरीय एवं उन्नत तकनीकों के इस्तेमाल से मरीज़ों को देते है सम्पूर्ण उपचार व देखभाल।

**मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ़ कैंसर केयर, साकेत की विशेषताऐं:**

80+ कैंसर सुपर स्पेशियलिस्ट–
- बेहतर और उन्नत उपचार के लिये
- गत् वर्ष 14000 कैंसर मरीज़ों का उपचार

डिज़ीज़ मैनेजमेंट ग्रुप–
- सिर और गर्दन, स्तन, गैस्ट्रोइंस्टेटाईनल, गानेकोलॉजिकल इत्यादि जैसे भिन्न प्रकार के कैंसर के उपचार के लिये डॉक्टरों की विभिन्न टीमें

उन्नत डायगनोस्टिक–
- तुरंत कैंसर स्टेज़िंग के लिये EUS
- सटीक जांच के लिये शान्त MRI
- सटीक डिज़ीज़ स्टेजिंग के लिये PET CT

ट्यूमर बोर्ड एवं मॉलीक्यूलर ऑन्कोलॉजी–
- बीमारी के सम्पूर्ण उपचार के लिये

सर्जिकल विशेषज्ञता–
- बेहतर सर्जरी के लिये Da Vinci Xi रोबोट
- उन्नत कैंसर उपचार के लिये HIPEC
- बोन मैरो ट्रांसप्लांट

सटीक रेडिएशन थेरेपी एवं कीमोथेरेपी–
- उन्नत रेडिएशन थेरेपी के लिये SBRT
- सुविधाजनक समर्पित डे–केयर कीमोथेरेपी सेंटर
- टार्गेटेड रेडिएशन के लिये ब्रैकीथेरेपी

अपाइंटमेंट बुक करने के लिए कॉल करें: +91 8860 444 888

MAX HEALTHCARE

EMERGENCY 011 4055 4055

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साकेत
1–2, प्रेस एन्क्लेव रोड, साकेत, नई दिल्ली–110017, फोन: +91 11 6611 5050, +91 11 2651 5050
www.maxhealthcare.in

टॉप 5, टाइम्स हेल्थ सर्वे 2018 के अनुसार।


## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षो की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशि:
१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**


सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.९७९३९५६०४४ ९६५१८०४७८८, ९९३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०


# रद्द टिकटों का पूरा पैसा लौटाएगी रेलवे



प.सू.का/नईदिल्ली। सभी यात्री ट्रेनों और सभी यात्री टिकटों को १४ अप्रैल २०२० तक रद्द करने के मद्देनजर, भारतीय रेलवे ने २१ मार्च से १४ अप्रैल २०२० तक की यात्रा अवधि के सभी टिकटों का पूर्ण रिफंड देने का निर्णय किया है। ये निर्देश रिफंड नियमों में छूट जारी रखने के लिए २१-०३-२०२० के निर्देशों के अलावा होंगे।

रिफंड देने की प्रक्रिया इस प्रकार होगी- १. काउंटर पर बुक किए गए पीआरएस टिकटः ए. २७-०३-२०२० से पहले रद्द किए गए टिकटः टीडीआर यात्री द्वारा भरा जाएगा जिसमें यात्रा विवरण होगा। रिफंड की बेलेंस राशि प्राप्त करने के लिए भरा हुआ फॉर्म किसी भी जोनल रेलवे मुख्यालय के मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक (सीसीएम) (दावा) या मुख्य दावा अधिकारी (सीसीओ) के पास २१ जून २०२० तक जमा कराना होगा। रेलवे व्यावहारिक उपयोग में लाए जाने वाला पर्चा प्रदान करेगा जिसके माध्यम से यात्री टिकटों को रद्द करने के दौरान कटौती की गई राशि को वापस लेने का लाभ उठा सकता है।

ख. २७-०३-२०२० के बाद रद्द किए गए टिकटः इस तरह के रद्द किए गए सभी टिकटों के संबंध में पूर्ण वापसी देय होगी।

२. ई-टिकटः ए. २७-०३-२०२० से पहले रद्द किए गए टिकटः बैलेंस रिफंड राशि उस यात्री के उस खाते में जमा कर दी जाएगी जिस खाते से टिकट बुक किया गया था। आईआरसीटीसी बैलेंस रिफंड राशि प्रदान करने के लिए एक व्यावहारिक चार्ट तैयार करेगा।

ख.२७-०३-२०२० के बाद रद्द किए गए टिकटः ऐसे रद्द किए गए सभी टिकटों की पूर्ण वापसी देय होगी जिसके लिए पहले ही प्रावधान किए जा चुके हैं।